**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)**
**बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।**
**दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com**

जल सारथी

पत्रांक : 4334 / नि-3 / 35 दिनांक : 4 / 8 /2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :– दिनांक 02.08.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''बेहटा मुड़िया में 'जल जीवन मिशन' की योजना अधूरी'' के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 02.08.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''बेहटा मुड़िया में 'जल जीवन मिशन' की योजना अधूरी'' शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड हरपालपुर की अरवल ग्राम पंचायत पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई के हरपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अरवल में ''जल जीवन मिशन'' के तहत स्वच्छ पेयजल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों को अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की आपूर्ती के लिये बिछाई गई पाइप लाइन कई स्थानों पर, सड़क के ऊपर और खुले में पड़ी है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। योजना का निर्माण कार्य कई हिस्सों में अधूरा छोड़ दिया गया है।<br>अजय प्रताप सिंह, बलवीर कुमार, मनोज कुमार, राधे और बृजेश पाल जैसे ग्रामीण ने बताया कि यह लम्बे समय से अधूरी है। उनका कहना है कि न तो पाइप लाइन का कार्य पूरा हुआ है और न ही नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू हो पाई है, जिससे उनमें काफी नाराजगी है।<br>ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि अधूरे निर्माण कार्य की जांच करायी जाये। उन्होने जल्द से जल्द पाइप लाइन का कार्य पूरा कर नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू करने की अपील की है, ताकि लोगों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके।<br>उल्लेखनीय है कि हरदोई जिले में ''जल जीवन मिशन'' से जुड़ी पाइप लाइन अधूरे | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड हरपालपुर की अरवल ग्राम पंचायत पेयजल योजना में ग्राम पंचायत अरवल, राम गंगा नदी के वजह से दानों ओर विभाजित है, योजनान्तर्गत 2 नग अवर जलाशय, 2 नग पम्प हाउस, 2 नग सोलर पैनल, 2 नग बाउण्ड्री बॉल, 1985 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 25.62 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 2 नग अवर जलाशय, 2 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 2 नग बाउण्ड्री बॉल, 510 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 23 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि उक्त विकास खण्ड हरपालपुर की अरवल ग्राम पंचायत पेयजल योजना की ग्राम पंचायत अरवल में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में ग्राम अरवल में पिट लगाकर पेयजल गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। अरवल ग्राम पंचायत राम गंगा नदी के किनारे स्थित है तथा योजना पर सलाइन वाटर मिलने के कारण डीप बोरिंग हुई है, इसलिये योजना पर कार्य देर से शुरू हुआ। ग्राम अरवल के पूर्वी भाग की बनी टंकी से पेयजल आपूर्ती टेस्टिंग हेतु चालू की गई है, जिसमें करनपुर, छोटा मड़िया, बड़ा मड़िया में पेयजलापूर्ति |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्य की शिकायतें पहले भी दर्ज होती रही है। | हो रही है। बेहटा मुड़िया एवं यादवपुरवा इसी टंकी से आच्छादित है, जिसे शीघ्र ही 800 मी0 अवशेष पाइप लाइन डालते हुये पेयजलापूर्ति चालू करा दी जायेगी। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**